Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 17-05-2006

Participants : Sajjan Kumar Shri

an>

Title : Need to solve the problem of shortage of electricity in National Capital Territory of Delhi.

श्री सज्जन कुमार (बाहरी दिल्ली) : महोदय, हर वर्ा गर्मी शुरू होते ही राजधानी क्षेत्र दिल्ली में बिजली की समस्या उत्पन्न हो जाती है। फलस्वरूप बिजली की घंटों कटौती किए जाने से आम जनता को परेशानियों का सामना करना पडता है। राज्य सरकार के आकलन के अनुसार इस भीाण गर्मी में बिजली की मांग 3627 मेगावाट तक पहुंच चुकी है, जो कि आने वाले दिनों में 3900 मेगावाट तक जा सकती है, जिसके चलते प्रतिदिन 400 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है जबकि शेा 2300 मेगावाट बिजली केन्द्रीय पूल के अन्य राज्य सरकारों के प्लांटों द्वारा नार्थन ग्रिड से आपूर्ति की जाती है। एक समझौते के तहत सभी राज्य सरकारों का नार्थन ग्रिड से बिजली की आपूर्ति का अपना अपना कोटा निश्चित है लेकिन ग्रिड से जुड़े राज्यों द्वारा आबंटित कोटे से अधिक बिजली लेने के कारण एक ओर तो दिल्ली को उसका निर्धारित कोटा नहीं मिल पा रहा है, दूसरी ओर नार्थन ग्रिड में फ्रीक्वेंसी बहुत अधिक कम हो जाने से ग्रिड में भी संकट उत्पन्न हो सकता है, जिसे रोकना अनिवार्य है।

मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि सभी राज्य सरकारों से सलाह मश्वरा कर बिजली की समस्या के समाधान हेतु निर्णायक व राट्र व्यापी नीति बनाने के साथ साथ ऐसी व्यवस्था की जाये कि दिल्ली को आबंटित उसके पूरे कोटे की बिजली प्राप्त हो सके और साथ ही नार्थन ग्रिड को भी संकट से बचाया जा सके।